दिनांक-08.01.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने तालाबों की सफाई में नागरिकों ने निभाई अपनी सहभागिता

भिलाईनगर। भिलाई को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के साथ अब आमजन सहभागिता दे रहे है, निगम क्षेत्र के तालाबों की सफाई में लोग सामूहिक रूप से हाथ बंटा रहे है। शहर की सड़कों को सुंदर बनाने निगम के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई करने के साथ मुख्य सड़कों व डिवाइडरों को पानी टैंकर के जरिए सफाई कर धूलमुक्त बना रहे है। शहर के प्रमुख बाजारों की दोनो पाली में सफाई की जा रही है। स्वच्छता महाअभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिखरे झिल्ली पन्नी के कचरे को भी हटाया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत सभी तालाबों को स्वच्छता मिशन के तहत साफ किया जा रहा है , स्वच्छता अभियान में निगम के सभी जोन स्तर के सफाई कर्मचारियों का अमला तलाब परिसर के किनारे झिल्ली, पन्नी व अन्य प्रकार के कचरे को निकालने के साथ ही पचरी को भी साफ कर रहे है। तालाबों की सफाई के तहत सूर्यकुंड तालाब, वार्ड 28 छावनी दर्री तालाब, वार्ड 35 के बालकनाथ मंदिर के समीप तालाब, वार्ड 16 का तालाब, वार्ड 27 घासीदासनगर तालाब, वार्ड 18 केम्प 01 आदि तालाबों की सफाई की जा चुकी है। भिलाई निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्तों की बैठक लेकर शहर के सभी तालाबों तथा आस-पास के क्षेत्र प्रमुख सड़कों व गली-मोहल्ला की नियमित सफाई करने के निर्देश दिए हैं। तालाबों की सफाई अभियान में पर्यावरण मित्र परोपकार सेवा संस्था द्वारा निगम के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ मिलकर रामनगर तालाब की सफाई भी किया गया।

प्रमुख सड़कों की हो रही धुलाई-

निगम क्षेत्र के प्रमुख सड़कों की नियमित रूप से धुलाई की जा रही है ताकि धूल को निकाला जा सके। निगम के सफाई कर्मचारी रोजाना सुबह से सड़क किनारे फैले कचरों को उठाने , डिवाइडर किनारे जमे धूल को हटाने का कार्य कर रहे है। प्रमुख सड़कों व डिवाइडर को पानी से साफ किया जा रहा है ताकि धूलमुक्त किया जा सके।

जनसम्पर्क अधिकारी